कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-24.09.2024

विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त ननकू थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0375/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त ननकू पुत्र राजकुमार डोम निवासी नेवादा मोड़ थाना गढ़वा जनपद गढ़वा झारखंड को दिनांक-23.09.2024 को समय करीब 18.40 बजे शिवपुर रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर गिरफ्तार करते हुए, अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-01.09.2024 को वादी मुकदमा/पीड़िता के पिता ने प्रतिवादी ननकू द्वारा वादी मुकदमा/प्रार्थी की पुत्री उम्र 17 वर्ष को दिनांक-05.08.2024 को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में मु0अ0सं0-0375/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 चंद्र भूषण द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

ननकू पुत्र राजकुमार डोम निवासी नेवादा मोड़ थाना गढ़वा जनपद गढ़वा झारखंड, उम्र 19 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता, उम्र उम्र 17 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- शिवपुर रेलवे स्टेशन के कुछ दूरी पर दिनांक-23.09.2024 को समय करीब 18.40 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0-0375/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 चंद्र भूषण थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 बलराम वर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- म0का0 नीलम यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।